कामधेनु लिमिटेड के नकली उत्पादों पर पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने शहर की कई दुकानों पर दी दबिश, दो दुकानों पर से संदिग्ध मिले 93 टीनों को किया जब्त

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। शहर के नए बस स्टैंड स्थित दुकानों पर कामधेनु कंपनी के नाम का दुरुपयोग कर कथित रूप से नकली टीन शीट बेचने के मामले सामने आया है। जिसके चलते पुलिस ने कार्यवाहीं करते हुए करीब एक सैंकड़ा टीन जब्त किये गये है। पुलिस की इस कार्यवाहीं से जहां एक ओर स्टील एवं सरिया दुकानों पर अफरा-तफरी का महौल देखा गया। तो वहीं पुलिस ने भी बारी-बारी से दुकानों के अंदर जाकर टीन एवं कंपनी ट्रर्ड मार्क वाली अन्य वस्तुओं का पड़ताल की।

दरअसल पुलिस को एक दिन पहले कामधेनु स्टील डीलर द्वारा शिकायत करते हुए बताया गया था कि उनकी कंपनी के नाम पर लोगों को भ्रमित कर उनसे ठगी की जा रहीं है। जिसके चलते शनिवार को देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र की दुकानों की जांच की, जिनमें से दो प्रमुख

दुकानों सेफी ट्रेडर्स और मुफ्फदल ट्रेडर्स पर कामधेनु नाम की टीन मिली। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दोनों दुकानों से कुल 93 संदिग्ध टीन जब्त कीं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1.11 लाख रुपये बताई जा रही है। जब्त की गई इन शीटों पर कामधेनु नाम के साथ AL लिखा हुआ था, जिससे प्रारंभिक तौर पर ग्राहकों को भ्रमित करने की बात सामने आई है। शिकायत के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने मामला दर्ज कर इस पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

कार्यवाहीं पर राजनीतिक हस्तक्षेप का सायाः

पुलिस द्वारा सेफी ट्रेडर्स और मुफ्फदल ट्रेडर्स पर की गई इस कार्रवाई के दौरान मौके पर कुछ स्थानीय राजनीतिक लोगों की सक्रियता और चहलकर्मी भी देखी गई। इस राजनीतिक हस्तक्षेप ने पूरी निष्पक्ष पुलिसिया कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। बाजार में चर्चा आम है कि क्या रसूखदार लोग इस नकली कारोबार को संरक्षण देने का प्रयास कर रहे थे? अब देखना यह बेहद दिलचस्प होगा कि पुलिस का यह अभियान यहीं तक सीमित रहता है या फिर राजनीतिक दबाव को दरकिनार कर इस अवैध और भ्रामक व्यापार की जड़ों तक पहुंचकर कुछ और बड़े खुलासे किए जाएंगे।

कोर्ट ने लगाई है रोकः

दरअसल दिल्ली हाईकोर्ट ने आशियाना इस्पात लिमिटेड सहित कुछ अन्य पक्षों द्वारा ए एल कामधेनु गोल्ड नाम से उत्पाद बेचने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। वहीं कोर्ट ने आदेश में साफ किया था कि हूबहू मिलते-जुलते नामों से नकली उत्पाद बेचने से न केवल उपभोक्ताओं में भ्रम पैदा हो रहा था, बल्कि मूल कंपनी की साख भी प्रभावित हो रही थी। वहीं अदालत ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया से भी ऐसे सभी भ्रामक विज्ञापनों और लिस्टिंग्स को हटाने का सख्त निर्देश दिया है। कामधेनु कंपनी ने भी अपने ग्राहकों को जागरूक करते हुए केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही असली उत्पाद खरीदने की सलाह दी है।

इनका कहना है।

कामधेनु स्टील डीलर द्वारा शिकायत की गई थी कि उनके नाम पर नकली टीन बेचे जा रहे है, जिसके चलते दुकानों की जांच की गई, जिनमें दो दुकानों से 93 टीन जब्त किये है। वहीं मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

भुवनेश शर्मा, थाना प्रभारी थाना देहात अशोकनगर।

चोरो की सद्बुद्धि के लिए कांग्रेस ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर अनौखा प्रदर्शन

तख्तियों पर लिखे नारों से सरकार को घेरा

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। अयोध्या के प्रसिद्ध राम मंदिर में चढ़ावा चोरी होने का मामला अब लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना के विरोध में और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी के चलते शनिवार को स्थानीय गांधी पार्क पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एक अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एकजुट होकर राम मंदिर का चढ़ावा चुराने वाले चोरों की सद्बुद्धि के लिए सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान मर्यादा और भक्ति भाव के साथ कुल सात बार हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। तो वहीं कांग्रेस पदाधिकारियों ने अपने वक्तव्य के दौरान मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि यह केवल धन की चोरी नहीं है, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था और श्रद्धा पर आघात है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से मंदिरों के चढ़ावे को पूरी तरह सुरक्षित करने तथा इस घिनौने कृत्य में शामिल चोरों को जल्द से जल्द पकड़कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह, राजकुमार लोधी, सुनील जैन, सुधीर शर्मा, राहुल पंड़ा, महिला नेत्र सीमा सुराणा, किरण कुशवाह सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तख्तियों पर लिखे नारों से घेरा, सुरक्षा की मांग कीः

प्रदर्शन के दौरान धरने पर बैठे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथों में विभिन्न मांगों और नारों से लिखी तख्तियां थीं, जो राम मंदिर की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही थीं। इन तख्तियों पर दान पात्र सुरक्षित होगा, तभी विश्वास मजबूत होगा। रामलला का चढ़ावा बचाओ, मंदिरों की सुरक्षा बढ़ाओ। रामलला का चढ़ावा सुरक्षित करो, आस्था का सम्मान करो और चढ़ावा नहीं, श्रद्धा चोरी हुई है। जवाब कौन देगा? जैसे नारे लिखे हुए थे।

एक नजर में

स्वास्थ्य विभाग ने रवाना किया सारथी रथ

नवभारत अशोकनगर। परिवार नियोजन केवल जनसंख्या नियंत्रण का साधन नहीं, बल्कि स्वस्थ और समृद्ध जीवन की आधारशिला है। जब परिवार अपनी आवश्यकताओं और संसाधनों के अनुसार संतानों की योजना बनाता है, तो माता और बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है। यह बात मिशन परिवार विकास पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी ने कही। तो वहीं मिशन परिवार विकास पखवाड़े के तहत शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में एक वृहद जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान की शुरुआत परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. रजनी छारी ने हरी झंडी दिखाकर सारथी रथ और जागरूकता रैली को रवाना करके की। आकर्षक फ्लेक्स और संदेशों से सजे इस सारथी रथ के माध्यम से छोटे परिवार के फायदे, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और सुरक्षित परिवार नियोजन के उपायों को सरल भाषा में प्रदर्शित किया गया। रैली के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें परिवार नियोजन की अस्थायी और स्थायी सेवाओं व विकल्पों की विस्तार से जानकारी दी।

11 वाहनों के दस्तावेजों में कमियां मिलने पर RTO ने लगाया जुर्माना

नवभारत अशोकनगर। जिला परिवहन अधिकारी के निर्देशानुसार शनिवार को जिले की चंदेरी तहसील में वाहनों की सघन चेकिंग का एक विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान मार्ग से गुजरने वाले 11 संदिग्ध और व्यावसायिक वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। परिवहन विभाग की इस चेकिंग के दौरान कई वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए, जबकि कई वाहनों में सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी सामने आई। नियमों का उल्लंघन करने वाले और कमियां पाए जाने वाले वाहनों पर तुरंत चालानी कार्रवाई की गई, जिसके तहत मौके पर ही 30,500 रुपये की समझौता शुल्क राशि (जुर्माना) वसूल की गई।

सुरक्षा मानकों में मिलीं ये गंभीर कमियां:

जांच के दौरान विभाग ने पाया कि कई वाहन चालक बिना वैध लाइसेंस और बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के सड़कों पर वाहन दौड़ा रहे थे। इसके अलावा, आपातकालीन सुरक्षा के लिहाज से बेहद जरूरी उपकरण जैसे—अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर), फर्स्ट एड बॉक्स और इमरजेंसी एग्जिट भी वाहनों में नदारद या खराब स्थिति में मिले। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा से समझौता करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

11 शिविरों में 398 शिकायतों का निराकरण

जिलेभर में बिजली विभाग ने संपर्क अभियान के तहत आयोजित किये शिविर

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शनिवार को संपर्क अभियान 2026 के तहत 11 महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों को ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं का भारी समर्थन मिला, जहां बिजली बिलों और अन्य तकनीकी विषयों से संबंधित कुल 431 शिकायतें प्राप्त हुईं। विभागीय मुस्तैदी के चलते इनमें से 398 शिकायतों का मौके पर ही तात्कालिक निराकरण कर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी गई।

दरअसल शिविरों के दौरान विद्युत विभाग ने अपनी सेवाओं को

उपभोक्ताओं के द्वार तक पहुंचाया। मौके पर ही 151 घरेलू उपभोक्ताओं और 98 कृषि कार्य के लिए नवीन सर्विस कनेक्शन जारी किए गए। इसके साथ ही 15 उपभोक्ताओं के नामों में सुधार/परिवर्तन किया गया। शिविर में खराब पड़े मीटरों को तुरंत बदला गया, कम वोल्टेज (लो-वोल्टेज) की समस्याओं को सुधारा गया और बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस कार्य भी हाथ के हाथ पूरा किया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं से लगभग 6.03 लाख रुपये के बकाया राजस्व की वसूली भी की गई।

स्मार्ट मीटर की प्रदर्शनी ने दूर की भ्रांतियांः

अभियान का एक मुख्य आकर्षण विभाग द्वारा लगाई गई स्मार्ट मीटर की प्रदर्शनी रही, जो सभी 11 शिविरों में प्रदर्शित की गई। कैम्प में मौजूद ग्रामीणों और गणमान्य जनप्रतिनिधियों के सामने डिजिटल मीटर और नए स्मार्ट मीटर की विद्युत खपत (रीडिंग) की लाइव तुलना की गई, जिसमें दोनों मीटरों की खपत बिल्कुल समान पाई गई। अधिकारियों ने स्मार्ट मीटर को लेकर समाज में फैलाई जा रही विभिन्न भ्रामक जानकारियों का खंडन किया और उपभोक्ताओं को इसके वास्तविक फायदों से अवगत कराया।

विधायक को कोटवारों ने गिनाई अपनी समस्याएं, दिया ज्ञापन

आजाद कोटवार कर्मचारी संघ ने की मुलाकात

समस्याओं को विधानसभा में उठाने की रखी मांग

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ द्वारा आगामी विधानसभा सत्र को ध्यान में रखते हुए स्थानीय विधायक को एक ज्ञापन सौंपा गया है। प्रदेश संगठन मंत्री एवं जिलाध्यक्ष हीराजू यादव के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में प्रदेश के लगभग 38,000 कोटवारों के अधिकारों और उनकी ज्वलंत समस्याओं को विधानसभा में प्रश्नों के माध्यम से उठाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया है कि कोटवार आजादी के पूर्व से ही ग्रामीण स्तर पर शासन और जनता के बीच रीढ़ की हड्डी की तरह काम कर रहे हैं, लेकिन आज भी वे बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्षरत हैं। संघ ने शासन से जवाबदेही तय करने के लिए 6 प्रमुख बिंदुओं पर विधानसभा में प्रश्न लगाने का आग्रह किया है। जिनमें सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली 1,00,000 की राशि और आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने के प्रावधानों की वर्तमान स्थिति। वर्ष 2023 तक सीधे खातों में नगद राशि भेजने की व्यवस्था को बंद कर उज्जैन के ठेकेदारों द्वारा घटिया वर्दी बांटने के निर्णय पर सवाल। स्पष्ट आदेश के बावजूद कोटवारों को अब तक सिम न मिलने के कारणों पर जवाब। सदियों पुरानी इस आवश्यक सेवा को अब तक नियमित न किए जाने का ठोस कारण। आजादी के पूर्व नवाबों व मालगुजारों द्वारा दी गई पारंपरिक सेवा भूमि को शासकीय भूमि घोषित करने के खिलाफ मालिकाना हक की वापसी और पिछले दो वर्षों से बांटी जा रही अत्यंत दयनीय और घटिया गुणवत्ता की वर्दियों और इस ठेका प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच की मांग। ज्ञापन के दौरान विधायक ने भी उन्हें आश्वास्त किया। इस मौके पर कोटवर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

महिला सुरक्षा समिति ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत अशोकनगर। देश में बढ़ रही महिला अपराध की घटनाओं के विरोध में शनिवार को महिला सुरक्षा समिति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। समिति की सदस्य विजय भारती के नेतृत्व में आईं महिलाओं ने पश्चिम बंगाल और राजस्थान में बच्चियों के साथ हुए अमानवीय कृत्यों के खिलाफ कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। ज्ञापन में बताया गया कि पश्चिम बंगाल के बारूईपुर में एक 11 वर्षीय बच्ची के साथ बलात्कार कर उसे तालाब में फेंक दिया गया। वहीं दूसरी तरफ राजस्थान के श्री गंगानगर में एक 13 वर्षीय बच्ची के साथ 32 दरिंदों द्वारा 5 दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। समिति ने आरोपियों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाहीं की मांग की।

बंपर पदोन्नतिः 90 पुलिसकर्मी बने प्रधान आरक्षक, उच्च पदों के लिए भेजे गए प्रस्ताव

नवभारत अशोकनगर। जिला पुलिस बल में लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे पुलिसकर्मियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार, मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के तहत पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिला पुलिस बल के 90 आरक्षकों/कार्यवाहक प्रधान आरक्षकों को प्रधान आरक्षक के पद पर नियमित पदोन्नति प्रदान की गई है। इस सूची में 07 आरक्षक और 83 कार्यवाहक प्रधान आरक्षक शामिल हैं, जिनकी सेवा अभिलेख, वरिष्ठता और गोपनीय चरित्रावली के कड़े परीक्षण के बाद यह निर्णय लिया गया। इसके साथ ही, उच्च पदों पर नियमित पदोन्नति के लिए 144 अधिकारियों के प्रस्ताव तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजे गए हैं। इसमें प्रधान आरक्षक से सउनि (ASI) के लिए 83, सउनि से उनि (SI) के लिए 35, सूबेदार से रक्षित निरीक्षक (RI) के लिए 05, उनि से निरीक्षक के लिए 16 और निरीक्षक से उप पुलिस अधीक्षक (DSP) के पद पर पदोन्नति के लिए 5 प्रस्ताव शामिल हैं। एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने सभी पदोन्नत पुलिसकर्मियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

डीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण, लापरवाहों को दिये नोटिस

निरीक्षण के दौरान संदीपनी महोत्सव की समीक्षा

औचक निरीक्षण में सामने आई लापरवाही

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले की शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) मधु शर्मा एवं सहायक संचालक एनिश जैन द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न विद्यालयों और छात्रावास का औचक निरीक्षण किया गया। इस दल ने पीएमश्री शासकीय

माध्यमिक विद्यालय कचनार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचनार, सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास का बारीकी से जायजा लिया।

इसके साथ ही, अधिकारियों ने सांदीपनि शासकीय मॉडल स्कूल में आगामी सांदीपनि महोत्सव की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की और प्राचार्य को समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बच्चों से सीधे संवाद कर उन्हें जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

लापरवाही पर भड़के अधिकारीः

निरीक्षण के दौरान जिन संस्थाओं में कमियां और लापरवाही पाई गई, उनके प्राचार्यों व संस्था प्रमुखों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए कारण बताओ सूचना पत्र (शो-कॉज नोटिस) जारी किए गए हैं। डीईओ सुश्री शर्मा ने सभी प्रधानाध्यापक और प्राचार्यों को निर्देश दिए कि वे स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन पूरा करें, सभी छात्रों की अपार आईडी अनिवार्य रूप से बनाएं, कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाएं और समय पर साइकिल वितरण सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम

विद्यार्थी दिवस और स्थापना दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आयोजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह

व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का काल है छात्र जीवन : अंतर सिंह

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा संगठन के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद और भारत माता के

चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता केतन चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों में ऊर्जा भरते हुए कहा कि युवा केवल अपने भविष्य का निर्माता नहीं, बल्कि देश का आधार स्तंभ है। परिषद के मूल मंत्र विद्यार्थी

शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ABVP युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और सामाजिक सेवा की दिशा में मोड़ने का काम लगातार कर रही है। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश ने छात्र जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन सिर्फ अच्छे अंक लाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, ईमानदारी, सामाजिक संवेदनशीलता और देशप्रेम के साथ अपने व्यक्तित्व को गढ़ने का सबसे महत्वपूर्ण समय है। समारोह के अंत में सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मान-पत्र भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

दमदमा में दिव्य गीता स्वाध्याय सत्संग संपन्न, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

नवभारत न्यूज अशोकनगर। ग्राम दमदमा में मुख्य मार्ग कोचा डैम (करीला धाम) रोड पर पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष जगन्नाथ सिंह यादव के निवास पर एकादशी के पावन अवसर पर निःशुल्क दिव्य गीता स्वाध्याय सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में गीता अध्याय समिति के प्रदेश अध्यक्ष वीरभान सिंह पिपरेसरा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष खलक सिंह सरपंच और जिला अध्यक्ष जयमण्डल सिंह (रिजौदा) सहित बहादुर सिंह डोंगर, डॉ. शिवराज सिंह और चंद्रपाल सिंह जैसे कई वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दमदमा, पाटन और गुपालिया सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने गीता के दिव्य ज्ञान का लाभ उठाया।